University in News on 01 February 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता में मारी बाजी



लविवि में इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता में बैडमिंटन खेलते छात्र। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से शुरू हुए दस दिवसीय इंटर हॉस्टल फेस्ट के दूसरे दिन कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें तिलक, कैलाश, हबीबुल्ला और सीएसए छात्रावास ने जीत दर्ज की।

दूसरे दिन बुधवार को प्रतियोगिताओं की शुरूआत डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू और चीफ प्रवोस्ट प्रो. अनूप सिंह की मौजूदगी में हुई। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि क्विजमें गोल्डन जुबली ने प्रथम स्थान हासिल किया। जैम प्रतियोगिता में गंगा हॉल की उर्वशी सिंह प्रथम रहीं। तिलक हॉल में रंगोली, गायन और मिमिक्री प्रतियोगिताएं हुईं। रंगोली में तिलक हॉल, मिमिक्री में सीएसए और रंगोली में कैलाश हॉस्टल अव्वल रहा।

बैडमिंटन में एनडी हॉस्टल विजेता : लालबहादुर शास्त्री छात्रावास में हुए बैडमिंटन मैच में आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के शौविक और ऐंकियो ने खिताब जीता। बैडमिंटन सिंगल में बलरामपुर छात्रावास विजेता रहा। वहीं लड़कों के लिए हबीबुल्लाह हॉल में एकल नृत्य, समूह नृत्य और लघु नाटिका प्रतियोगिताएं हुई।

NBT PAGE 4

LU: बैडमिंटन में शौविक और एक्कियो चैंपियन

अंतर छात्रावास प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव 2024 के दूसरे दिन बुधवार को छात्रावास के अंतःवासियों ने दमखम दिखाया। लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में आचार्य नरेंद्र देव छात्रावास के शौविक और एक्कियो विजेता बने।

एकल नृत्य में महमूदाबाद के मानस बाजपेयी और ग्रुप डांस में आरएस विष्ट हॉस्टल ने कब्जा जमाया। स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह की टीम ने परचम लहराया। निर्णायक मंडल में अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. हंसिका सिंघल और डॉ. राजीव राठी शामिल रहे। वहीं, छात्राओं की क्विज में पहला स्थान गोल्डन जुबली और जैम प्रतियोगिता में पहला स्थान गंगा हॉस्टल की उर्वशी सिंह को मिला। गायन में तिलक पहले स्थान पर रहा। मिमिक्री में पहला स्थान सीएसए और रंगोली में पहला स्थान कैलाश ने हासिल किया। जैम की जज डॉ. वैशाली सक्सेना और प्रो. शमा महमूद रही। क्विज के जज डॉ. वैभव श्रीवास्तव व प्रो. राकेश चंद्रा रहे। रंगोली व गायन की जज प्रो. अलका पांडे, डॉ. रोली मिश्रा और मिमिक्री में निर्णायक की भूमिका में डॉ. कस्तूरी सिंह ने निभाई। इस मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू और चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में बिखरे विद्यार्थियों की प्रतिभा के रंग

हॉस्टल फेस्ट

■ तिलक, कैलाश, सीएसए हबीबुल्ला हॉस्टल जीते

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंटर हॉस्टल फेस्ट के दूसरे दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें तिलक, कैलाश, हबीबुल्ला और सीएसए छात्रावास ने प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की।

एलयू के छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए नौ दिवसीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव-2024 का आगाज मंगलवार को हुआ। दूसरे दिन बुधवार को बैडमिंटन, एकल नृत्य, रंगोली, क्विज और जस्ट ए मिनट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दूसरे दिन प्रतियोगिताओं की शुरुआत अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू और चीफ प्रवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई। चीफ प्रवोस्ट ने कहा कि यह सभी कार्यक्रम विकसित भारत 2047 को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए। देश को विश्व नेता बनने के लिए नवाचार और परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करना है। निवेदिता हॉल में लड़कियों के लिए क्विज और जस्ट-ए-मिनट हुई। क्विज में गोल्डन जुबली ने प्रथम स्थान हासिल किया। जैम में गंगा हॉल की उर्वशी सिंह प्रथम रहीं। तिलक हॉल में रंगोली, गायन और मिमिक्री प्रतियोगिताएं हुईं। रंगोली में तिलक हॉल, मिमिक्री में सीएसए और रंगोली में कैलाश हॉल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में जैम की जज डॉ. वैशाली और प्रो. शमा महमूद रहीं। क्विज के जज डॉ. वैभव और प्रो. राकेश चंद्रा रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंटर हॉस्टल फेस्ट में बुधवार को छात्राओं ने रंगोली बनाई।

JAGRAN CITY PAGE III

स्किट में हबीबुल्लाह, मिमिक्री में चंद्रशेखर आजाद हास्टल प्रथम

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर हास्टल कम्पटीशन फेस्ट में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मिमिक्री प्रतियोगिता में चंद्रशेखर आजाद गर्ल्स छात्रावास की छात्रा अंजली सिंह ने गंगूबाई तो तिलक छात्रावास की सांची त्रिपाठी ने बाबू राव आप्टे का अभिनय कर तालियां बटोरी।

सोलो सिंगिंग, समूह नृत्य में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। यह फेस्ट सात फरवरी तक चलेगा। छात्रावास के प्रोवेस्ट डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि एकल नृत्य प्रतियोगिता महमूदाबाद छात्रावास के मानस बाजपेयी ने जीती। इसके अलावा समूह नृत्य विजेता आर एस बिष्ट छात्रावास बना। स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह छात्रावास की टीम ने बाजी मारी।

रंगोली, गायन और जस्ट-ए मिनट प्रतियोगिता: निवेदिता छात्रावास में छात्राओं के लिए क्विज और जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता हुई। क्विज में प्रथम स्थान गोल्डन जुबली और जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा छात्रावास की उर्वशी सिंह ने हासिल किया।

रंगोली में कैलाश छात्रावास और मिमिक्री में चंद्रशेखर आजाद गर्ल्स छात्रावास में बी.एससी की छात्रा अंजली सिंह प्रथम रहीं। सोलो सिंगिंग में तिलक छात्रावास की अपर्णा को प्रथम स्थान मिला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू एवं चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह प्रतियोगिताओं में उपस्थित रहीं।

बैडमिंटन में ये बने विजेता : बैडमिंटन के मुकाबले लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में संपन्न हुए। बालक युगल में आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के शौविक और ऐंकियो विजेता थे। सिंगल में बलरामपुर छात्रावास विजेता रहा।

चंद्रशेखर आजाद गर्ल्स छात्रावास की छात्रा अंजली सिंह ने मिमिक्री में गंगूबाई का अभिनय किया ● जागरण

लवि में बुधवार को इंटर हास्टल कम्पटीशन में छात्राओं ने बनाई रंगोली ● जागरण

छात्राओं को दिए गए प्रमाण पत्र

खुन्खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज में गो कैंपेन संस्था के सहयोग से तीन दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। इसमें कालेज की लगभग 70 छात्राओं ने आत्मरक्षण करने की विभिन्न तकनीक सीखी। छात्राओं को लायन क्लब पसूपरा की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने प्रमाण पत्र भी वितरित किया। कार्यशाला में डा. रुपल अग्रवाल, प्राचार्य प्रो. अंशु केडिया सहित अन्य विशिष्टगण उपस्थित रहीं।

परीक्षा पांच को

लवि में एम.काम तीसरे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का समर इंटर्नशिप मौखिक परीक्षा पांच फरवरी को सुबह 10.30 बजे से शुरू होगी। छात्र-छात्राओं को समय से वाणिज्य विभाग में पहुचना होगा। अनुपस्थित होने पर दोबारा परीक्षा नहीं कराई जाएगी।

लिंग संवेदीकरण पर व्याख्यान

लवि के दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से मिशन शक्ति के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने अपने विचार रखे। विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश चंद्रा ने लिंग संवेदीकरण विषय पर बताया कि कैसे समाज लिंग भिभेद का सामना कर रहा है। इसके लिए कौन से कारणों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष रजनी श्रीवास्तव, डा. प्रशांत शुक्ला, डा. राजेश्वर प्रसाद, डा. ममता सिंह व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लवि : पूर्व छात्र अंकित को वीपीएससी में 9वीं रैंक

अंकित रतन पाठक ● लोकतन्त्र ही खबरेंस

जासं, लखनऊ: लवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व छात्र अंकित रतन पाठक ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) पटना की परीक्षा में सफलता हासिल की है। राज्य में 9वीं रैंक के साथ अंकित का चयन जिला एवं संस्कृति पदाधिकारी के पद पर हुआ है।

चालीस के रहने वाले अंकित बताते हैं कि वर्ष 2020 में उन्होंने आदर्श कालेज से एमबीए अध्ययन आदर्श (फेटेडाबी) की पढ़ाई की। चिड़ियाघर में कंटर फलाई मार्टन में तितली शिक्षा केंद्र भी बनाया फोटोग्राफी में बेहतर करने के लिए कर्तव्य में प्रतिभाग किया। इसी दौरान बीपीएससी के लिए आवेदन किया। शिक्षक डा. रतन कुमार, भूपेश लिटिल, रवि सिन्हा का सहयोग मिला। पहले ही प्रयास में राज्य में 9वीं रैंक मिली। पापा बृजेश्वरानंद पाठक पुजारी हैं। मम्मी सुषमा पाठक गृहणी हैं।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लिंग के आधार पर होने वाले भेदभाव को किया स्पष्ट

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग ने बुधवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की निदेशक प्रो.मधुरिमा लाल ने छात्रों को संबोधित किया। सेमिनार की संयोजिका विभागाध्यक्षा डॉ.रजनी श्रीवास्तव थी। आयोजन का प्रारंभ विभागाध्यक्षा के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात मिशन शक्ति निदेशक मधुरिमा लाल द्वारा कार्यक्रम की थीम को प्रस्तुत किया गया। इसके बाद व्याख्यान दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रो.राकेश चंद्रा द्वारा दिया गया। उनके व्याख्यान का विषय लिंग संवेदीकरण था। उन्होंने अपने व्याख्यान के माध्यम से ये समझाने का प्रयास किया कि कैसे समाज लिंग विभेद का सामना कर रहा है और इस विभेद की वजह के रूप में कौन-कौन से कारणों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। प्रमुख कारणों के रूप में सामाजिक व्यवस्था, प्राकृतिक एवं शारीरिक संरचना को स्वीकार किया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि इन सभी कारणों के होने पर भी हम कैसे समाज में होने वाले इस विभेद को दूर कर सकते हैं इसकी भी चर्चा की। वैश्विक स्तर पर लिंग विभेद और उनके कारण भी उनके व्याख्यान के शामिल रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में कन्या भूर्ण हत्या के साथ ही लिंग के आधार पर होने वाले भेदभाव को भी स्पष्ट किया। कार्यक्रम में विभाग की विभागाध्यक्षा रजनी श्रीवास्तव के साथ विभाग के प्रोफेसर डॉ.राजेंद्र वर्मा,डॉ.प्रशांत शुक्ला, डॉ.राजेश्वर प्रसाद एवं डॉ.ममता सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभाग के शोध छात्रों के साथ-साथ स्नातक, परस्तानक के छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर विवि के अन्य विभागों के प्रोफेसर्स भी मौजूद रहे।

स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह हॉल की टीम विजयी

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्विद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं दिशानिर्देशन में चल रहे अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव-2024 के दूसरे दिन की शुरुआत छात्रावास के अंतःवसियों के बीच बड़े उत्साह के साथ हुई। इस 9 दिनों के उत्सव के दूसरे दिन बैडमिंटन मैच लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में संपन्न हुए। जिसमें आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के शौविक और ऐक्रियो विजेता थे। बैडमिंटन के सिंगल में बलरामपुर छात्रावास के विजेता रहे। लड़कों के लिए हबीबुल्लाह हॉल में एकल नृत्य, समूह नृत्य और लघु नाटिका प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें एकल नृत्य प्रतियोगिता महमूदाबाद हॉल के मानस बाजपेयी ने जीती और समूह नृत्य विजेता आर.एस.बिष्ट हॉल था। स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह हॉल की टीम विजयी रही। इन आयोजित कार्यक्रमों के निर्णायक डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, डॉ.हंसिका सिंघल और डॉ.राजीव राठी थे। इसके साथ ही निवेदिता हॉल में लड़कियों के लिए क्विज़ और जस्ट-ए-मिनट प्रतियोगिता हुई। क्विज़ में प्रथम स्थान गोल्डन जुबली को और जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा हॉल की उर्वशी सिंह ने हासिल किया। वहीं, तिलक हॉल में रंगोली,गायन और मिमिक्री प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें प्रथम स्थान तिलक हॉल को मिला। मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीएसए तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैलाश हॉल ने प्राप्त किया। जैम की जज डॉ.वैशाली सक्सैना और प्रो.शमा महमूद थी और क्विज़ के जज डॉ. वैभव श्रीवास्तव और प्रो.राकेश चंद्रा थे। इसके अलावा रंगोली और एकल गायन की जज प्रो.अलका पांडे, डॉ. रोली मिश्रा थी और मिमिक्री प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. कस्तूरी सिंह थी सभी आयोजनों का निरीक्षण अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.संगीता साहू एवं चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह ने स्वयं किया। इसके अलावा प्रो.सिंह ने हमें बताया कि ये सभी कार्यक्रम विकसित भारत 2047 को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए थे जो देश को विश्व नेता बनने के लिए नवाचार और परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करता है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय में रंगोली के सहारे राम मंदिर की आकृति उकेरतीं छात्राएं। अमृत विचार

कहीं राम मंदिर के दर्शन तो कहीं मेधा की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्राएं मंदिर उकेरते हुई मिलीं। अन्तः प्रवासियों ने भी दमखम दिखाया। अंतर छात्रावास प्रतियोगिता में बैडमिण्टन सहित अन्य प्रतियोगिता के आयोजन भी हुए।

लविवि में आयोजित अंतर छात्रावास प्रतियोगिता के दूसरे दिन लालबहादुर शास्त्री छात्रावास में बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जिसमें आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के छात्र सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में शौविक और ऐंकियो विजेता रहे। सिंगल स्पर्धा में बलरामपुर छात्रावास के छात्र विजेता बने। उधर छात्राओं द्वारा रंगोली के माध्यम से मंदिर और अन्य मनमोहक चित्र बनाए गए। इस अवसर पर प्रो. संगीता साहू, प्रो.अनूप कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

▸▸ अंतर छात्रावास प्रतियोगिताओं में दिखीं प्रतिभाएं

▸▸ बैडमिंटन, नृत्य, लघु नाटक सहित अन्य प्रतियोगिताओं के आयोजन

हबीबुल्लाह हॉल में एकल नृत्य, समूह नृत्य और लघु नाटिका प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एकल नृत्य प्रतियोगिता महमूदाबाद हॉल के मानस बाजपेयी ने जीती और समूह नृत्य विजेता आर एस बिष्ट रहे। स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह हॉल की टीम विजयीं रही। निर्णायक मण्डल में डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. हंसिका सिंघल और डॉ. राजीव राठी शामिल थे।

गायन के साथ मिमिक्री में दिखा कौशल

छात्राओं के बीच पहले चरण में क्विज और जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता हुई। क्विज में प्रथम स्थान गोल्डन जुबली को और जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा हॉल की उर्वशी सिंह को मिला। मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीएसए तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैलाश हॉल को मिला।

व्याख्यान की मदद से छात्रों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच बेहतर सामंजस्य को बनाने के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें एक दूसरे के प्रति सरल और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए जाने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता संबंधी जानकारियां भी छात्रों के बीच साझा की गईं।

लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की प्रमुख प्रोफेसर मधुरिमा लाल थीं। विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने छात्रों के बीच जागरूकता संबंधी जानकारियां साझा कीं। प्रो. मधुरिमा लाल ने प्रो. राकेश चन्द्रा की उपस्थिति में लिंग विभेद और उससे जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। ऐसे में छात्रों की ओर से भी सवाल किये गए। जिसकी जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा साझा की गईं। सामाजिक व्यवस्था, प्राकृतिक और शारीरिक संरचना से जुड़े बिन्दुओं पर जानकारी दी गई। वैश्विक स्तर पर लिंग विभेद और उनके कारण भी उनके व्याख्यान के शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. राजेश्वर प्रसाद, डॉ. ममता सिंह के अलावा शोध छात्रों के साथ-साथ स्नातक, परस्नातक के छात्र सम्मिलित रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में उपस्थित विशेषज्ञ और छात्र।

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन

▸▸ मिशन शक्ति योजना के तहत साझा की गईं जानकारियां

LOKSATYA PAGE 3

अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव को लेकर उत्साह

प्रतियोगिता

- **स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह हॉल की टीम विजयी**

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं दिशानिर्देशन में चल रहे अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव-2024 के दूसरे दिन की शुरुआत छात्रावास के अंतः वसियों के बीच बड़े उत्साह के साथ हुई। 9 दिनों के उत्सव के दूसरे दिन बैडमिंटन मैच लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में संपन्न हुए जिसमें आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के शौविक और ऐक्कियो विजेता थे। बैडमिंटन के सिंगल में बलरामपुर छात्रावास के विजेता रहे।

लड़कों के लिए हबीबुल्लाह हॉल में एकल नृत्य, समूह नृत्य और लघु नाटिका प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमे एकल नृत्य प्रतियोगिता महमूदाबाद हॉल के मानस बाजपेयी ने जीती और समूह नृत्य विजेता आर एस बिष्ट हॉल था। स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह हॉल की टीम विजयीं रही। इन आयोजित कार्यक्रमों के निर्णायक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. हंसिका सिंघल और डॉ. राजीव राठी थे।इसके साथ ही निवेदिता हॉल में लड़कियों के लिए क्विज और जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता हुई। क्विज में प्रथम स्थान गोल्डन जुबली को और जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा हॉल की उर्वशी सिंह ने हासिल किया।जबकि तिलक हॉल में रंगोली, गायन और मिमिक्री प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें प्रथम स्थान - तिलक हॉल को मिला। मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीएसए , तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैलाश हॉल ने प्राप्त किया। जैम की जज डॉ. वैशाली सक्सैना और प्रो. शमा महमूद थी और क्विज़ के जज डॉ. वैभव श्रीवास्तव और प्रो. राकेश चंद्रा थे, जबकि रंगोली और एकल गायन की जज प्रो. अलका पांडे, डॉ. रोली मिश्रा थी और मिमिक्री प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. कस्तूरी सिंह थी। सभी आयोजनों का निरीक्षण अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू एवं चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह ने स्वयं किया। इसके अलावा प्रो. सिंह ने हमें बताया कि ये सभी कार्यक्रम विकसित भारत 2047 को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए थे जो देश को विश्व नेता बनने के लिए नवाचार और परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करता है। यह छात्रों के बीच उनके परिवर्तन के लिए सह-पाठयक्रम गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करता है और इस उत्सव को आयोजित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य छात्रावास के निवासियों का समग्र विकास था।

TOI PAGE 4

Inter-hostel fest at Lucknow varsity

A large number of hostellers participated in sports, rangoli and music competitions organised during the Lucknow

University inter-hostel fest on Wednesday. A solo dance, group dance and skit competition took place at Habibulah Hall for boys in which the solo dance was won by Manas of Mahmodabad Hall and the skit competition was won by Habibullah Hostel.